

जागरूकता के लिए प्रस्तुत रैप सॉन्ग को लांच करते हुए मुख्यमंत्री।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### जागरूकता के लिए प्रस्तुत रैप सॉन्ग को किया लांच

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में द माउंटेन म्यूजिक एंड स्पेक्स द्वारा कोरोना के प्रति जागरूकता के लिए प्रस्तुत रैप सॉन्ग को लांच किया। यह रैप सॉन्ग अजय सुयाल एवं डॉ बृज मोहन शर्मा ने गाया है। इस रैप सॉन्ग में कोरोना पर नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों पुलिस एवं दानदाताओं की भूमिका को भी इस रैप सॉन्ग में दिखाया गया है।

### जरूरतमंदों को वितरित किये खाद्यान्न किट

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन के कारण सेवलाकला, चंद्रमणि में महानगर कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा व वार्ड–78 के पार्षद हरि प्रसाद भट्ट के तत्वावधान में क्षेत्र के गरीब, दिहाड़ी मजदूरों जरुरतमन्द लोगों को खाद्यान्न किट वितरित किये। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के इस संकट के दौर में जहां एक ओर सामाजिक व राजनैतिक संगठन आगे आ रहे है और वहीं दूसरी ओर आज प्रदेश सरकार कहीं कुछ करती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

### जरूरतमंद बुर्जुग महिला को सौंपा सप्ताह भर का खाद्यान्न

देहरादून। सरस्वती विहार निवासी समाजसेवी शकुन्तला गुसांई लॉकडाउन के दौरान से ही जरूरतमंदों को राशन उपलब्ध कराने में जुटी हुई है और एक बार उन्होंने फिर से मानवता का परिचय देते हुए निरंजनपुर स्थित एमडीडीए कॉलोनी में निवासरत एक बुर्जुग महिला को एक सप्ताह का खाद्यान्न प्रदान किया और कहा कि आने वाले समय में और सहायता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर बर्जुग महिला ने समाजसेवी शकुंतला गुसांई का आभार व्यक्त किया ओर कहा कि अन्य लोगों को भी इस प्रकार की प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

### गिव एंड गैट एक हाथ दे एक हाथ ले मुहिम की शुरू

**संवाददाता** देहरादून। नेशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स के बुक बैंक से बच्चों को मिलेंगी निःशुल्क किताबें और एसोसिएशन ने गिव एंड गैट मुहिम की शुरूआत दी और इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि लॉक डाउन के चलते अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए किताबों की परेशानियों को देखते हुए नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट राइट्स के बुक बैंक द्वारा एक मुहिम शुरू की गई है और गिव एंड गैट एक हाथ दे एक हाथ ले ।

## लॉकडाउन में फंसे लोगों की हो वापसी, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। कारोना वायरस कोविड 19 वैश्विक महामारी के दौरान उत्तराखंड के युवक जो लॉकडावन के दौरान अन्य राज्यों में फंसे है, उनकी वापसी के लिए उत्तराखंड क्रांति दल ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करते हुए इस दिशा में ठोस कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड–19 के कारण वैश्विक महामारी बन चुकी है। मानव जीवन अस्त–व्यस्त हो चुका है, जिसके लिये खुद इंसान को खुद इस महामारी से बचना होगा। इसके लिये केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारें दिशा निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य पलायन के कारण पहाड़ी क्षेत्र शून्य पड़े है, राज्य का नवयुवक रोजी रोटी के लिये प्रदेश से बाहर अन्य जगहों में प्राइवेट सेक्टर के अंतर्गत अपना जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन कोरोना महामारी के कारण सब चीजें ठप्प होने के कारण अन्य प्रदेशो में उत्तराखंड के हजारों की संख्या में पंजाब,गुजरात, मध्य प्रदेश,दिल्ली, राजस्थान,उड़ीसा, आदि जगह फंसे हैं।

उन्होंने कहा कि उनके आगे राजी रोटी संकट बना हुआ है। सभी को कोरेन्टाइन में भेड़ बकरियों की तरह रखा गया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि अन्य प्रदेशों में जो उत्तराखंडी लॉकडावन के कारण फंसा है उन सभी को राज्य में लाने के लिये उत्तराखंड सरकार को दिशा निर्देश दें।

# अब 9 पहाड़ी जनपदों के अस्पतालों में पूर्व की भांति होगा इलाज

**निर्णय**

- प्रदेश के चुनिंदा अस्पतालों में ही होगा कोविड–19 का इलाज
- प्रदेश में अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिये कुछ निर्णय लिए गए
- एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया जाएगा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि कोविड–19 के दृष्टिगत पहाड़ी जनपदों में स्वास्थ्य संबंधी और प्रदेश में अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिये कुछ निर्णय लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जो 09 पहाड़ी जनपद है, जिनमें कोई भी कोविड–19 का मरीज नहीं है, वहां अस्पताल अब पूर्व की भांति खुल जाएंगे और आम जनता का इलाज जैसे पहले करते थे उनका इलाज उन अस्पतालों के माध्यम से कल से ही प्रारंभ कर दिया जाएगा। तमाम लोगों को अभी तक थोड़ा परेशानी हुई उनकी परेशानी भी दूर होगी।

कोविड–19 अस्पताल के रूप में मेला अस्पताल हरिद्वार, दून हॉस्पिटल देहरादून, निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर और सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी, इनमें ही अब से कोविड–19 इलाज होगा बाकी अन्य अस्पताल पूर्व की भांति अपना कार्य करेंगे।



**एक बार फिर से होगा वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा रेबार–3 का आयोजन**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि हमारे प्रदेश के जो भी प्रवासी लोग हैं, विभिन्न क्षेत्रों में जिनका अपना स्थान है, उनसे हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करेंगे। यानी हम कह सकते हैं कि रेबार 3 के तहत हम उन लोगों से परामर्श करेंगे।

**कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु एक मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठनः** कैबिनेट मंत्री श्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया जाएगा जो ये देखेगी कि कोविड–19 के वजह से जो अर्थव्यवस्था को नुकसान हुआ है उसकी हम कैसे भरपाई कर सकते हैं, कैसे हम लोकल रोजगार पैदा कर सकते हैं, अपने नौजवानों को काम दे सकते हैं और जो गरीबों की आर्थिकी को कैसे मजबूत कर सकते हैं। मंत्रिमंडलीय उप समिति में राज्यमंत्री डॉ धन सिंह रावत व श्रीमती रेखा आर्या सदस्य के रूप में रहेंगे।

**अर्थव्यवस्था के सुधार हेतु विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मुख्यमंत्री करेंगे सीधा संवाद**

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र ने कहा कि औद्योगिक, पर्यटन, कृषि, हॉर्टिकल्चर, डेयरी व एमएसएमई क्षेत्रों के लोगों से वे सीधा संवाद करेंगे। उनके साथ बातचीत की जाएगी व उनका सुझाव लिया जाएगा कि कोविड–19 के बाद हमारी अर्थव्यवस्था को कैसे सुदृढ़ किया जाए।

## प्रदेश सरकार कहीं कुछ करती हुई दिखाई नहीं दे रही: कांग्रेस

**लॉकडाउन**

- प्रीतम सिंह ने छतरी, मॉस्क, सैनेटाइजर वितरित किये

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने विधानसभा रायपुर के अंतर्गत रुसहस्त्रधारा रोड आई टी पार्क चौक सहित विभिन्न स्थानों में आज कोरोना महामारी के चलते लगाये गये लॉक डाउन के मध्य लोगों की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष लालचंद शर्मा एवं प्रदेश सचिव सुमित नेगी के द्वारा उपलब्ध कराए पर छतरी, मॉस्क, सेनेटाइजर, ग्लब्स इत्यादि वितरित किये।



इस अवसर पर आईटी पार्क चौक सहित विभिन्न स्थानों में इत्यादि उपलब्ध कराये तथा क्षेत्र के जरुरतमन्द लोगों को खाद्यान्न किट वितरित किये। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के इस संकट के दौर में आज प्रदेश सरकार कहीं कुछ करती हुई दिखाई नहीं दे रही है, आज पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा अपने निजी संसाधनों से पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मियो को छतरी, मॉस्क, सेनेटाइजर, ग्लब्स इत्यादि सहित गरीब जरूरतमन्दों को खाद्यान्न किट, पके हुआ भोजन के साथ साथ वायरस से बचाव के लिये मास्क, ग्लब्स, सेनिटाइजर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस भीषण संकट की घड़ी में कोरोना फाइटर्स के रूप में कार्य कर रहे कांग्रेस पार्टी के सभी साथी बधाई के पात्र हैं।

इस दौरान महानगर देहरादून अध्यक्ष लालचंद शर्मा, डेटा विश्लेषण विभाग अध्यक्ष दीवान सिंह तोमर, राजवीर सिंह राणा, प्रदेश सचिव सुमित नेगी (मोंटू), परिणिता बडोनी, मंजू तोमर, अनुराग मित्तल, विक्रम ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, अमित पांडे व अन्य रहे मौजूद।

## दिल्ली सरकार की तर्ज पर कार्य करे प्रदेश सरकार

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन पिरशाली ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 संकट के मद्देनजर समाज के विभिन्न तबकों को आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री सरकारी मदद देने की मांग की है और इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को पत्र लिखा है। आप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन पिरशाली ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कोरोना संकट के मद्देनजर आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की तर्ज पर उत्तराखण्ड की जनता को भी सरकारी मदद देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 के कारण सरकार के इसे फैलने से रोकथाम के लिये देशव्यापी लॉकडाउन घोषित किये जाने कारण इसका आर्थिक व सामाजिक प्रभाव समाज के विभिन्न तबकों पर पड़ रहा है।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।